दिनांक : 10.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह आज जयपुर में आयोजित किया जा रहा हैं जेईसीसी सभागार में हो रहे इस समारोह में भाग लेने के लिए देश–विदेश से कई प्रवासी राजस्थानी पहुंचे हैं कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान' प्रदान कियें ये सम्मान देश–विदेश में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रवासी राजस्थानी राजस्थानियों को दिये गयें कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं उन्होंने मौजूदा राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान में चहुंमुखी विकास हो रहा है और आज राजस्थान हर क्षेत्र में अग्रणी हैं
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ये कार्यक्रम प्रदेश के विकास में प्रवासी राजस्थानियों की भागीदारी का संकल्प हैं उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों को उनकी मातृभूमि से जोड़े रखने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं इसी कड़ी में प्रवासी राजस्थानी नीति लाई गई हैं

....

समारोह में एक लाख करोड़ रुपये के नये निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग होगीं इसके साथ ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के बाद धरातल पर आये प्रोजेक्ट्स का कुल मूल्य आठ लाख करोड़ रुपये हो जाएगां
समारोह में सेक्टर–स्पेसिफिक कल्चरल सेशन होंगे, इनमें रिन्यूएबल एनर्जी, पर्यटन, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, जल संसाधन और माइनिंग शामिल हैं

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां मानवाधिकारों की रक्षा करने के साथ–साथ उनका सम्मान भी किया जाता हैं आज नई दिल्ली में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि गरिमा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिएं उन्होंने कहा कि न्याय मिलना प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार होना चाहिएं

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 160 रेलवे स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका हैं आज लोकसभा में पूरक प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत विकास के लिए एक हजार तीन सौ से अधिक स्टेशनों की पहचान की गई हैं उन्होंने कहा कि सरकार रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए यात्री आवास क्षेत्र, यात्री हॉल, पार्किंग और रेलवे स्टेशनों तक आसान पहुंच का निर्माण कर रही हैं श्री वैष्णव ने कहा कि स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य यात्री सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए किया जा रहा हैं

000

प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का दौर बना हुआ हैं लगभग 20 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज किया जा रहा हैं मौसम विभाग के अनुसार बीती रात सबसे कम 3 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान नागौर में दर्ज किया गयां वहीं दिन के समय तेज धूप खिलने से गर्मी महसूस की जा रही हैं 33 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाड़मेर सबसे गर्म स्थान रहां विभाग ने 12 दिसम्बर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई हैं इसके प्रभाव से मौसम में बदलाव होगां इस दौरान विभिन्न स्थानों पर बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के आसार हैं

000

हनुमानगढ़ के परलिका गांव के युवा किसान अजय स्वामी को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेले में मिलेनियम फार्मर ऑफ इंडिया अवॉर्ड 2025 से पुरस्कृत किया गया हैं उन्हें ये पुरस्कार ग्वार पाठे की खेती में नवाचार कर और उससे विभिन्न उत्पाद बनाने के लिए दिया गया हैं वे 15 साल से ग्वार पाठे की खेती कर रहे हैं और उससे लड्डू और भुजिया सहित लगभग सौ तरह के उत्पाद तैयार करते हैं

000